an>

Title: Regarding construction of an over-bridge at level crossing No. 143 in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा): मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा (गुजरात) से संबंधित निम्न महत्वपूर्ण विषय के संबंध में मेरे द्वारा पूर्व में भी दिनांक 03-02-2022 को पत्र के द्वारा माननीय मंत्री जी को अवगत करवाया गया है और एक बार फिर से उनका ध्यान इस विशेष विषय की ओर आकर्षित करना चाहूँगा I मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अमीरगढ़ रेलवे फाटक संख्या 143 पर रेलवे की ओर से वर्ष 2018 -19 में एक सर्वे किया गया था जिसमे वहां से आने जाने वाले वाहनों की संख्या एक लाख दस हजार आंकी गयी थी और इसलिए रेलवे के अनुसार वहां पर इतने वाहनों की आवाजाही होने पर ओवर ब्रिज बनाये जाने का प्रावधान है I वर्त्तमान में रेलवे क्रासिंग पर जो अंडरपास है वहां घातक मोड़ है जिसके कारण वाहन को आने जाने में और वाहन को घुमाने में अत्यंत कठिनाई होती है, विशेषकर बड़ी गाड़ियों जैसे बस और ट्रक वहां से क्रॉस नहीं कर पाते हैं I साथ ही जब बारिश का पानी वहां भर जाता है तो वहां पैदल चलने वाले राहगीरों को बहुत परेशानी होती है I ज्ञात हो कि वहां के ग्रामीणों को रेलवे लाइन पार करके राज्य परिवहन की बस आवागमन के लिए पकडनी होती है I इसलिए यदि इस स्थान पर रेलवे द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण हो जाये तो ग्रामीणों और गुजरने वाले नागरिकों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी I आपकी जानकारी के लिए यह बताना चाहता हूँ कि गुजरात सरकार द्वारा इस कार्य के लिए 55.48 करोड़ रूपये की राशि दिनांक 25-05-2021 को स्वीकृत की जा चुकी है इसलिए यदि रेलवे मंत्रालय भी बाकि बची लगभग 50% राशि को स्वीकृत करके कार्य को शुरू करवा दे तो वहां के निवासियों का कल्याण हो जायेगा I अतः मेरा माननीय मत्री जी से निवेदन है कि रेलवे फाटक संख्या 143 पर एक ओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र अतिशीघ्र करवाए जाये ।